# गुणवत्ता दर्पण - तृतीय अंक

## (15 दिसम्बर से 15 अप्रैल 2026)

## स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी

**Affiliated to Hemchand Yadav Vishwavidyalay, Durg (C.G.)**

**Recognized under 2(f) of the UGC**




**आदर्श नगर कुम्हारी, जिला - दुर्ग (छ.ग)**

Email : govtcollegekumhari@gmail.com

Website : https://gnckumhari.in

Phone No. : 0788 6610843

# महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की विवर्णीका
# "गुणवत्ता दर्पण"
# (15 दिसम्बर से 15 अप्रैल )

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी 2021 में स्थापना के पश्चात् से ही सतत् प्रगति–पथ पर अग्रसर हैं। महाविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निंरतर प्रयासरत है। यहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ–साथ सहशैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का समन्वय करते हुए एक सशक्त शिक्षण वातावरण प्रदान किया जाता है।

प्राचार्य डॉ0 सोनिता सत्संगी जी के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय ने अल्पकाल मे ही शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन मे भी महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ अर्जित की है।

## प्रमुख उपलब्धियाँ

1. <u>NATIONAL CONFERENCE ( 30-31 January 2026 )</u>

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी, एवं छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में "Globalization & Emerging Environment Crisis : The Role of Civil Society" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों एवं शोधर्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत कर अकादमिक चर्चा को समृद्ध किया।

यह संगोष्ठी CG COST द्वारा प्रायोजित थी एवं समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 संतोष कुमार देवांगन , आयुक्त , उच्च शिक्षा छ.ग. शासन उपस्थित रहें। संगोष्ठी में प्रस्तुत किये गए पत्रों का संकलन की स्मारिका के रूप में गणमान्य अतिथियों द्वारा विमोचित किया गया।






2. <u>SHIKSHA SAMWAAD ( 17 February 2026)</u>

उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित महत्वाकांक्षी कार्यशाला शिक्षा संवाद में प्राचार्य महोदया के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई। इस मंच ने छ.ग. में उच्च शिक्षा में नवाचार एवं गुणवत्ता सुधार के लिए विचार–विमर्श का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर अनेक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए।





3. <u>COLLEGE MAGAZINE "NAVANKUR" ( 17 February 2026)</u>

महाविद्यालय की पत्रिका ''नवांकुर'' के प्रथम अंक का विमोचन शिक्षा संवाद के प्रतिष्ठित मंच पर माननीय डॉ0 संतोष कुमार देवागंन, आयुक्त, उच्च शिक्षा , छ.ग. शासन, प्रोफेसर संजय तिवारी कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग एवं प्राचार्य डॉ0 (श्रीमति) सोनिता सत्संगी जी के कर – कमलों द्वारा किया गया। यह पत्रिका विद्यार्थियों की सृजानात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने की दिशा मे सार्थक पहल है।






## महाविद्यालय विकास

4. <u>IQAC STAKE HOLDERS MEET ( 31 December 2025 )</u>

IQAC द्वारा आयोजित हितधारक बैठक में गुणवत्ता संवर्धन, शैक्षणिक सुधार एवं संस्थागत विकास से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर IQAC की त्रैमासिक पत्रिका ''गुणवत्ता दर्पण'' के द्वितीय अंक का विमोचन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। यह पत्रिका महाविद्यालय की प्रगति कार्य एवं उपलब्धियों का प्रतिबिंब है।






5. <u>CONSTITUTION OF JANBHAGIDARI COMMITEE - 07/01/2026</u>

महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति का गठन कर संस्थागत विकास में समाज की सहभागिता को सुनिश्चित किया गया। जिससे पारदर्शिता एवं उत्तरादायित्व में वृद्धि हुई। यह कदम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करता है।





6. <u>BHAWAN NIRMAN</u>

प्राचार्य के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय भवन निर्माण समिति बनाई गई है। जो निर्माण कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करती है एवं सुझाव देती हैं।






## सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

7. <u>POSHAK VIDAYALAY SAMPARK  ABHIYAAN ( 13/04/2026 )</u>

NEP प्रकोष्ठ द्वारा पोषक महाविद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित कर महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं महाविद्यालय परिसर भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य नवीन सत्र में छात्रों की संख्या मे वृद्धि तथा उन्हें महाविद्यालय की सुविधाओं से पारदर्शिता पूर्वक अवगत कराना था।





8. <u>REPUBLIC DAY CELEBRATIONS (  26 January 2026)</u>

महाविद्यालय मे 77th  गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य महोदया द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।





9. <u>HOLI CELEBRATION (4 March 2026)</u>

महाविद्यालय परिसर में समावेशी महौल एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतिक रूप में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।





10. <u>ANNUAL SPORTS, CULTURAL AND PRIZE DISTRIBUTION CEREMONY (18-20 February 2026)</u>

महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन तीन दिनों तक उत्साहपूर्वक किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था।

प्रथम दिवसः इस दिन विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें वाद–विवाद, भाषण, रंगोली, मेहंदी तथा केश सज्जा प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।







द्वितीय दिवसः दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गइ। इसमें दौड़, लबीं कूद, ऊँची कूद, कबड्डी, खो–खो, वालीबॉल एवं क्रिकेट जैसे विभिन्न खेल शामिल थे। छात्र–छात्राओं ने खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अनुशासन एवं टीमवर्क का परिचय दिया। पूरे दिन परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा।






तृतीय दिवसः तीसरे दिन वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।






## दिवस एवं जयंती

### 11. VEER BAAL DIVAS (26 December 2025)

शासन से प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय मे वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को 4 साहिबजादों की शहादत गाथा दिखाकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने कि प्रेरणा दी गई।







### 12. WOMENS DAY (8 March 2026)

महाविद्यालय में नारी दिवस के अवसर पर महिलाओं की सभी क्षेत्र में सहभागिता, एवं उपलब्धियों का सम्मान दिवस के रूप में उत्साह पूर्वक मनाया गया।






13.<u>SHAHEED DIWAS  (13 March 2026)</u>

शहीद दिवस के अवसर पर देश के वीर शहीदों राजगुरू, भगत सिंह एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दिन भाषण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित किया गया।







14.<u>AMBEDKAR JAYANTI ( 14 April 2026 )</u>

अंबेडकर जयंती के अवसर पर संविधान, सामाजिक न्याय एवं समानता विषय पर व्याख्यान द्वारा विद्यार्थियों को डॉ0 भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं योगदान से अवगत कराया गया। इससे छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित हुई।






विभागीय गतिविधियाँ

15.<u>NATIONAL SCIENCE DAY ( 28 February 2026 )</u>

वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी, मॉडल/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया। इस अवसर पर मंच संचालन सहित सभी कार्य छात्रों द्वारा किए गए।





16. <u>POWER POINT PRESENTATION (4 - 6 April 2026)</u>

रसायन विभाग द्वारा ICT आधारित PPT प्रस्तुतियाँ आयोजित की गई। जिससे विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान एवं प्रस्तुतिकरण क्षमता का विकास हुआ।







17. <u>LANGUAGE CLUB ACTIVITIES ( 4-6 April 2026 )</u>

अंग्रेजी विभाग द्वारा भाषा क्लब गतिविधियों के माध्यम से तात्कालिक भाषण, वाद–विवाद एवं समूह चर्चा आयोजित कर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं संप्रेषण कौशल का विकास किया गया। इस प्रकार की एकल/सामूहिक गतिविधियाँ छात्रों मे झिझक दूर करने एवं उनके मानसिक विकास मे अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है।







## शैक्षणिक गतिविधियाँ

18. <u>CIA AND END SEMESTER EXAMINATION</u>

CIA एवं END सेमेस्टर परीक्षाओं का समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित संचालन कर विद्यार्थियों के सतत् मुल्यांकन को सुनिश्चित किया गया।





## शैक्षणिक भ्रमण एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियाँ

### 19. INDUSTRIAL VISIT (20 December 2025)

वनस्पति शास्त्र एवं रसायन विभाग द्वारा बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर छात्रों को 20 दिसंबर 2025 को शैक्षणिक भ्रमण हेतु नटराज कच्ची घनी, सरोना रायपुर ले जाया गया जहॉ छात्रों ने बीज से तेल निष्कर्षण विधि का अवलोकन किया एवं फूड लाईसनींग, पैकेजिंग, एवं स्टार्टप संबंधित जानकारी प्राप्त की।






### 20. LECTURE ON MENTAL HEALTH (31 December 2025)

मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा छात्रों मे परीक्षा भय को दूर करने हेतु विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ0 गोवर्धन यदु, सहायक संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, नवा रायपुर ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए परीक्षा भय दूर करने एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण सूझाव दिए।





21. SHE BOX (23 March 2026)

महिला उत्पीड़न निवारण समिति द्वारा दिनांक 23/03/2026 को ''डिजिटल सुरक्षा'' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र एवं छात्राओं को महिलाओं हेतु बने विभिन्न प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।





22. ROAD SAFETY AWARENESS

सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह में महाविद्यालय ने लीड कॉलेज के कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हेलमेट प्रदान कर सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया।






23. PARTICIPATION IN WORKSHOP (28 February 2026)

महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने राज्य स्तरीय NEP (National Education Policy) एवं IKS (Indian Knowledge System) कार्यशालाओं में भाग लेकर नवीन शैक्षणिक दृष्टिोण एवं भारतीय ज्ञान पंरपरा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की, जिसका उपयोग शिक्षण कार्य में किया जा रहा है।







स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी




स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी




NO PARKING
श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा वि.स. २०८२
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।


2nd NATIONAL CONFERENCE




स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी






स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी


ICFAI
शिक्षा संवाद




स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी
स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय
कुम्हारी, जिला - दुर्ग (छ. ग.)
Kumhari Np Part, Chhattisgarh, India
Saturday, 20/12/2025 11:50 AM GMT +05:30








स्व. बिन्देश्वरी बघेल
शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी